00344

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2013

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

ई.एच.डी.- 2 : हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 100*

कुल का : 70%

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *है। शेष* ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

1. **किन्हीं तीन** पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **12x3=36**

(क) कहा मानसर चहा सो पाई। पारस रूप इहाँ लगि आई।।
भा निरभर तेन्ह पायन परसें। पावा रूप रूप के दरसें।।
मलै समीर बास तन आई। भा सीतल गै तपन बुझाई।।
न जनौं कौनु पौन लै आवा। पुन्नि दसा भै पाप गँवावा।।
तनखन हार बेगि उतिराना। पावा सखिन्ह चंद बिहँसाना।।
बिगसे कुमुद देखि ससि रेखा। भै तेहिं रूप जहाँ जो देखा।।
पाए रूप रूप जस चहे। ससि मुख सब दरपन होई रहे।।

(ख) कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात।
भरे भौन में करत हैं, नैनन हीं सौं बात।।

(ग) हास का मधु-दूत भेजो

रोष की भ्रू-भंगिमा पतझार को चाहे सहेजो

ले मिलेगा डर अचंचल

वेदना-जल, स्वप्न शतदल

जान लो वह मिलन एकाकी

विरह में है दुकेला!

पंथ होने दो अपरिचित प्राण

रहने दो अकेला!

(घ) यह नहीं कि मैंने सत्य नहीं पाया था

यह नहीं कि मुझको शब्द अचानक कभी-कभी मिलता है

दोनों जब-तब सम्मुख आते ही रहते हैं

प्रश्न यही रहता है :

दोनों जो अपने बीच एक दीवार बनाये रहते हैं

मैं कब, कैसे, उनके अनदेखे

उसमें सेंध लगा दूँ

या भरकर विस्फोटक

उसे उड़ा दूँ।

(ङ) धीरे-धीरे

अब मैं ईश्वर भी नहीं पाना चाहता,

धीरे-धीरे

अब मैं स्वर्ग भी नहीं जाना चाहता,

धीरे-धीरे

अब मुझे कुछ भी नहीं है स्वीकार

चाहे वह घृणा हो चाहे प्यार!

(च) मुझ से कहा गया कि संसद

देश की धड़कन को

प्रतिबिंबित करने वाला दर्पण है

जनता को

जनता के विचारों का

नैतिक समर्पण है

लेकिन क्या यह सच है?

या यह सच है कि

अपने यहाँ संसद -

तेली की वह घानी है

जिसमें आधा तेल है

और आधा पानी है

2. प्रबंध काव्य की दृष्टि से 'कुरुक्षेत्र' का मूल्यांकन कीजिए। 16

3. भवानी प्रसाद मिश्र के काव्य में व्यक्त संवेदना का विवेचन कीजिए। 16

4. नागार्जुन के काव्य की सामान्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 16

5. छायावादी काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए। 16

6. निराला के काव्य की अंतर्वस्तु की विशेषताएँ बताइए। 16

7. आधुनिक हिन्दी काव्य परंपरा में मैथिलीशरण गुप्त के योगदान पर प्रकाश डालिए। 16

8. मीराबाई के काव्य में व्यक्त भक्ति-भावना का उल्लेख कीजिए। 16

9. राम काव्य परंपरा में तुलसीदास के महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए। 16

10. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 8x2=16

(क) 'कुरुक्षेत्र' का प्रतिपाद्य

(ख) पद्माकर का रीतिबद्ध काव्य

(ग) कबीर काव्य में सामाजिक विद्रोह

(घ) मुक्तिबोध का काव्य

(ङ) रामनरेश त्रिपाठी